# केंद्रिय मंत्री गडकरी ने राजमार्गों के सौंदर्यीकरण को वृक्षारोपण अभियान चलाने के दिए निर्देश : अनिल विज



**चंडीगढ़ (एसएनबी)।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हरियाणा राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गो के सौंदर्यकरण के लिए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाने के निर्देश संबंधित एजेंसियों को दिए है।

केंद्रीय मंत्री द्वारा हरियाणा सरकार को भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि राष्ट्रीय राजमार्गो के किनारों पर वृक्षारोपण और सौंदर्यकरण कार्य मानसून सत्र में उपलब्ध स्थान के अनुसार एजेंसियों अथवा राज्य के वन विभाग के माध्यम से किया जाता है। इस वर्ष भी आगामी वर्षा ऋतु के दौरान भी वृक्षारोपण बड़े पैमाने पर किया जाएगा और इस संबंध में क्षेत्रीय इकाइयों को आवश्यक दिशा-निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके है।

गौरतलब है कि विज ने हाल ही में राष्ट्रीय राजमार्गो के सौंदर्यकरण को लेकर गडकरी को पत्र लिखा था। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि केंद्रीय मंत्री के मार्गदर्शन और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रयासों से हरियाणा में पिछले वर्षों में कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्गो का निर्माण हुआ है। इनमें 152-डी, जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे, पानीपत-रोहतक, अम्बाला-हिसार और पंचकूला-यमुनानगर मार्ग प्रमुख है। इन सड़कों के निर्माण से प्रदेश की जनता को बड़ी सुविधा प्राप्त हुई है।

विज ने हरियाणा को मिले इन राष्ट्रीय राजमार्गो की सौगात के लिए केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि राजमार्गो के किनारों पर वृक्षारोपण से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और सड़कों की सुंदरता में भी वृद्धि होगी।

# राज्यपाल प्रो. घोष ने पांच टीबी रोगियों को 'निक्षय मित्र' के रूप में अपनाया




**चंडीगढ़ (एसएनबी)।** राज्यपाल प्रो.असीम कुमार घोष व उनकी धर्मपत्नी मित्रा घोष ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 5 टीबी रोगियों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान करके गोद लिया। इस कार्यक्रम में राज्य टीबी अधिकारी डॉ. राजेश राजू और डब्ल्यूएचओ के नोमिनी डा सुखवंत ने राज्यपाल को प्रदेश में चल रहे टीबी अभियान की वर्तमान स्थिति के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान राज्यपाल के सचिव दुष्मंत कुमार उपस्थित रहे।

राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने सोमवार को हरियाणा राजभवन में 'निक्षय मित्र' के रूप में पंजीकरण करवाया और 5 टीबी रोगियों को गोद लिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा को टीबी मुक्त अभियान में हर प्रकार की सहायता के लिए वे तैयार है। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग को इस अभियान में साथ आने और टीबी रोगियों व उनके परिवारों को इस बीमारी के खिलाफ उनकी लड़ाई में समर्थन देने का आविान किया। उन्होंने कहा, आइए, हम सब मिलकर एक टीबी मुक्त समुदाय का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा में इस पहल की शुरुआत 17 सितंबर, 2022 को की गई थी। प्रथम चरण में हरियाणा प्रदेश के लगभग 2200 गांव टीबी मुक्त हो चुके है।

**राज्यपाल ने कहा, आइए, हम सब मिलकर एक टीबी मुक्त समुदाय का निर्माण करें**

समस्त हरियाणा को टीबी मुक्त करने के लिए हरियाणा सरकार सराहनीय कार्य कर रही है। यह पहल समुदाय के विभिन्न सदस्यों जैसे कि व्यक्तियों, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), कॉर्पोरेट संस्थाओं, स्वयं सहायता समूहों, धार्मिक संगठनों को 'निक्षय मित्र' के रूप में टीबी रोगियों को गोद लेने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह एक सामूहिक प्रयास है जो टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए आवश्यक है।

# कांग्रेस एक परिवार की पार्टी: पं. बड़ौली

**रोहतक (एसएनबी)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस एक परिवार की पार्टी है और उस परिवार से बाहर कभी अध्यक्ष नहीं बनता है, जबकि भाजपा पार्टी संविधान को मानने वाली पार्टी है और एक छोटा सा छोटा कार्यकर्त्ता भी उच्च पद पर पहुंच सकता है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने के सवाल पर उन्होंने प्रतिक्रिया दी और कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव के बाद भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष भी चुन लिया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली सोमवार को मंगल कमल कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि बरसात ने 36 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। साथ ही बरसात के कारण जहां कोई दुखदायी घटना हुई है, उसके लिए खेद है। जहां बाढ़ जैसे हालात है, वहां हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए सरकार के इंतजाम पूरे है। कही पर भी लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पहले ही जलभराव की समस्या से निपटने के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए है और हरियाणा में कहीं भी 3 घंटे से अधिक पानी नहीं ठहर रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्राकृतिक आपदा है और सरकार इसके लिए पूरी तरह से तैयार है। अगर फसल खराब हुई है तो सरकार किसानों को मुआवजा भी दे रही है।

**बोले, उपराष्ट्रपति चुनाव के बाद बनेगा भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा में कांग्रेस ने कानून व्यवस्था को लेकर मुद्दा उठाया और विधानसभा छोड़ कर चली गई। उन्होंने कहा कि जब विपक्ष ने कोई मुद्दा उठाया है तो सरकार की बात भी सुननी चाहिए, लेकिन विपक्ष में धैर्य की कमी है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर सिंह ढाका प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# भारी बारिश की स्थिति से निपटने को रहें तैयार : बराड़



**चंडीगढ़ (एसएनबी)।** यूटी चंडीगढ़ में भारी वर्षा की स्थिति को देखते हुए और आपदा प्रबंधन की तैयारियों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से चंडीगढ़ के मुख्य सचिव (प्रभारी) मंदीप सिंह बराड़ की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव (प्रभारी) बराड़ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थिति का निरंतर आकलन और निगरानी की जाए, विशेषकर संवेदनशील बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया जाए। पटियाला की राव में जलस्तर पर कड़ी नजर रखी जाए और आवश्यकता पड़ने पर निचले क्षेत्रों में समय पर चेतावनी जारी की जाए।

पुलिस विभाग को निर्देश दिया गया कि जलभराव वाले क्षेत्रों में यातायात का उचित प्रबंधन और सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। नगर निगम द्वारा सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत हेतु निविदाएं तैयार की जा रही है, परन्तु तात्कालिक व्यवस्था के तहत दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गड्ढों को तुरंत भरा जाए। उपायुक्त को एनडीआरएफ और सिविल डिफेन्स टीमों के साथ समय पर समन्वय सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि पर्याप्त दवाइयों और स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि पड़ोसी राज्यों से हाल की भारी वर्षा के चलते संभावित रूप से आने वाले मरीजों की संख्या को देखते हुए चिकित्सा सेवाओं में कोई कमी न रहे। बराड़ ने पुनः आश्वस्त किया कि नागरिकों की सुरक्षा व कल्याण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा समय पर सहायता, प्रभावी तैयारियाँ और एक सुदृढ़ चंडीगढ़ सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता है।

**कहा, तात्कालिक व्यवस्था के तहत दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गड्ढों को तुरंत भरा जाए**

बैठक में सेक्रेटरी इंजीनियरिंग प्रेरणा पुरी, हेल्थ सेक्रेटरी अजय चगटी, म्युनिसिपल कमिश्नर अमित कुमार, डीसी निशांत कुमार यादव, एसएसपी कंवरदीप कौर तथा प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## हर नागरिक की सुरक्षा व कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : निशांत यादव

**चंडीगढ़ (एसएनबी)।** शहर समेत आसपास हो रही भारी वर्षा के मद्देनज़र यूटी चंडीगढ़ के डीसी निशांत कुमार यादव, एसएसपी कँवरदीप कौर तथा एसडीएम (पूर्व) ने सोमवार को सुखना झील के नियामक हेड और शहर के अन्य वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य झील के द्वारों से वर्षा जल निकासी की स्थिति की समीक्षा करना, क्षति का आकलन करना, नागरिकों से संवाद तथा विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों का मूल्यांकन करना था। डीसी यादव ने कहा, प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशासन समय पर सहायता, बेहतर तैयारी और अधिक सशक्त चंडीगढ़ के निर्माण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जलभराव की स्थिति, सार्वजनिक ढांचे को हुए नुकसान तथा उन संवेदनशील स्थानों का जायज़ा लिया जो आगामी भारी वर्षा की स्थिति में जोखिम पैदा कर सकते है। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि नालों की शीघ्र सफाई, आपातकालीन प्रतिक्रिया दलों की उपलब्धता तथा राहत कार्यो के लिए मशीनरी की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए।

डीसी निशांत यादव ने इंजीनियरिंग विभागों, स्वास्थ्य सेवाओं, पुलिस तथा आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के बीच समन्वय पर विशेष बल दिया ताकि समय पर और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया दी जा सके।

# सम्मान दिवस रैली में पूरा हरियाणा पहुंचेगा रोहतक : अभय चौटाला




**नारनौल (एसएनबी)।** इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला ने कहा की 25 सितंबर को जननायक पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. चौधरी देवीलाल के 112वीं जयंती पर पूरा हरियाणा सम्मान दिवस मनाने रोहतक पहुंचेगा। चौटाला नारनौल की एक निजी धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में निमंत्रण देते हुए कहा कि जननायक चौधरी देवीलाल सर्वमान्य नेता थे उनका सभी वर्ग तह दिल से सम्मान करते थे। उन्होंने जनहित के कार्य सभी के लिए बिना भेद भाव के किए थे।

अभय सिंह चौटाला ने कहा कि इनेलो उन्ही के रास्ते पर चलकर जनता के हित के लिए हमेशा खड़ी रही है और आज विपक्ष की भूमिका कांग्रेस न निभा कर इनेलो विपक्ष की भूमिका में है क्योंकि भूपेंद्र सिंह हुड्डा और भाजपा आपस में मिले हुए है। प्रदेश की कानून वयवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सरकार का अपराधियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। आय दिन हत्या, अपहरण व बलात्कार की घटनाएं हो रही है। युवाओं को रोजगार नहीं दिया जा रहा है। किसानों को खाद बीज नहीं मिल रहा है और इस सरकार से हर वर्ग दुखी व परेशान है।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि 25 सितंबर की रैली के लिए अब तक 60 हलकों में निमंत्रण व न्योता दिया जा चुका है। आज इनेलो का प्रदेश जिला व हलका स्तर का संगठन बन चुका है और जल्दी ही गांव स्तर पर संगठन बना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इनेलो मजबूती से वापसी कर चुकी है, वहीं कांग्रेस गुटबाजी में उलझी हुए है और सभी अभय चौटाला पर पूर्ण रूप से विश्वास करते है।

**कहा, भाजपा सरकार में सभी वर्गों के लोग दुखी व परेशान**

इस अवसर पर जिला प्रधान सुरेंद्र कौशिक, पूर्व विधायक रणबीर मंदोला, सतबीर बडेसरा,जसबीर सिंह ढिल्लो, सतबीर बडेसरा, आनंद श्योराण, पिंकी कोच, छोटेलाल गहली, नवनीत सिंह ढिल्लो, वेदप्रकाश नंबरदार, धर्मपाल नंबरदार, युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव, जय सिंह सैनी, सत्यनारायण गुप्ता, बिल्लू चेयरमैन, लाल सिंह तंवर, सतपाल उन्हाणी, सुरेश चौधरी, सतपाल छिल्लरो, महिला जिला प्रधान उर्मिला यादव, नरसिंह दायमा, जगदीश वर्मा, संजय सोनी गहली, अमर सिंह जांगड़ा, रोशनलाल थाना सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, ग्रामीण वृत-जयपुर**
पी.डब्ल्यू.डी. कैम्पस, जैकब रोड, जयपुर क्लब के सामने, जयपुर फोन :- 0141-2223527

क्रमांक - 3765 दिनांक :- 20.08.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-10/2025-26**

जयपुर जिले मे 03 निर्माण कार्यों हेतु इच्छुक निविदादाताओं द्वारा दिनांक 04.09.2025 सायं 06.00 बजे तक निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा से संबन्धित अन्य विवरण राज्य की उपापन पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट http://pwd.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते हैं। उपापन की अनुमानित लागत रुपये 685.08 लाख है।

PWD2526WSOB10856,
PWD2526WSOB10867,
PWD2526WSOB10869

अधीक्षण अभियन्ता
सा.नि.वि. ग्रामीण वृत्त-जयपुर
RO No. 12637

**राजस्थान सरकार**
**कार्मिक (ख-3) विभाग**

क्रमांकः प.4 (4) कार्मिक/ख-3/2025 जयपुर

**शुद्धि पत्र**

इस विभाग द्वारा दिनांक 05.08.2025 एवं 21.08.2025 के क्रम में Mechanized/Automated and Manual Cleaning at Government Secretariat, Jaipur हेतु जारी ई-निविदा एवं शुद्धि पत्र की निरन्तरता में Revised BOQ को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर अपलोड किया गया है, जिसके अनुरूप ही File के नाम में परिवर्तन किए बिना ही Revised BOQ ही सबमिट करें।

(डॉ. राष्ट्रदीप यादव)
शासन उप सचिव

UBN :- PER2526SLOB00036 RO No. 12644


## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा पदाधिकारियों ने निकाला मौन जुलूस

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर झुंझुनूं में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा ने शहीद स्मारक से लेकर कलक्ट्रेट तक मौन रैली निकाली। इसके बाद कलक्ट्रेट परिसर में राहुल गांधी का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और राहुल गांधी से सार्वजनिक माफी की मांग की। भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षणी कुलहरी ने कहा कि कांग्रेस के कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी की माता के लिए अपशब्द कहना न केवल असहनीय है, बल्कि भारतीय संस्कृति और मर्यादा के खिलाफ है। एक बेटे के नाते किसी की मां परकी गई टिप्पणी पूरे देशवासियों को आहत करती है। राहुल गांधी को इसके लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

### एलईडी स्ट्रीट लाइट से सड़कें होंगी जगमग

**जयपुर।** राज्य सरकार की ओर से राज्यवासियों के लिए बड़ी सौगात दी गई है। मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नगरीय क्षेत्रों की रात्रिकालीन सुरक्षा, ऊर्जा बचत और बेहतर यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बजट 2025-26 में प्रस्तावित 1 लाख एलईडी स्ट्रीट लाइटों की संख्या बढ़ाकर अब 2 लाख करने का अहम निर्णय लिया है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश की हर सड़क, हर मोहल्ला और हर बाजार रोशनी से जगमगाए। यह सुरक्षित और आधुनिक राजस्थान के निर्माण की दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि त्योहारी सीजन को देखते हुए इस कार्य की शुरुआत दीपावली से पूर्व की जाए, ताकि प्रदेश की सड़कें और भी उज्जवल दिखाई दें।

# विस के मानसून सत्र की हंगामेदार शुरुआत



**जयपुर (एसएनबी)।** राजस्थान विधानसभा में मानसून सत्र की शुरुआत ही हंगामे से हुई। पहले दिन सोमवार को कांग्रेस विधायकों ने वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाए। कांग्रेस विधायकों ने सदन में तख्तियां लहराईं। विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कांग्रेस विधायकों को शांत रहने को कहा, लेकिन वह नहीं माने। स्पीकर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सदन की गरिमा रखिए। आप यहां पर बाजार या चौराहे जैसी हरकतें नहीं कर सकते।

स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष को इंगित करते हुए कहा कि आपको सदन की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। आप किस तरह के शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कांग्रेस विधायकों के जवाब में भाजपा विधायकों ने भी गाली बाज राहुल गांधी के नारे लगाए। इस बीच सदन में स्पीकर ने भाजपा विधायकों को टोकते हुए कहा कि सदन चलाना है, आप तो ऐसा मत कीजिए। स्पीकर ने इस दौरान कांग्रेस विधायकों पर नाराजगी भी जताई। वहीं दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि देने के बाद विधानसभा की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। मंगलवार को विधानसभा की छुट्टी रहेगी। विधानसभा पहुंचे कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने चुनाव लड़ा था, लेकिन कुछ लोग वोट चोरी करके बार-बार सरकार बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके विरोध में समूचा देश आज सामने आ गया है और कांग्रेस पार्टी वोट चोरी को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगी। वहीं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि जिस प्रकार से वोट चोरी हो रही है,कांग्रेस पार्टी ने चुनाव आयोग को बेनकाब किया है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश का समर्थन राहुल गांधी के साथ खड़ा है।

**कांग्रेस विधायकों ने वोट चोर, गद्दी छोड़ तथा भाजपा विधायकों ने गाली बाज राहुल गांधी के नारे लगाए**

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने झालावाड़ स्कूल हादसे में मरने वाले बच्चों को श्रद्धांजलि नहीं देने पर सवाल उठाए। जूली ने कहा, विधानसभा में बड़े नेताओं और देश भर में हुए हादसों में जिनकी मौत हुई है, उन सबको श्रद्धांजलि दी गई । उनके लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। बड़े दुख की बात है, सरकार की आंखों का पानी खत्म हो गया, हिमाचल, झारखंड, उत्तराखंड में मरे हुए लोगों को हम श्रद्धांजलि दे रहे हैं। लेकिन जो हमारे झालावाड़ में जिन छोटे-छोटे मासूम बच्चों की स्कूल की बिल्डिंग गिरने से जान गई है, जो बच्चे पढ़ने गए थे और वापस नहीं आए उनको श्रद्धांजलि देने के लिए आप 2 मिनट का वक्त क्यों नहीं निकाल पाए।

सरकारी मुख्य सचेतक जागेश्वर गर्ग ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्हें और कांग्रेस पार्टी को गालीबाज बताया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि गालीबाज राहुल गांधी, गालीबाज कांग्रेस है और इसका रिकर्ड है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके वीडियो भी घूम रहे हैं। निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी खेजड़ी बचाओ के पोस्टर लेकर पहुंचे, खेजड़ी संरक्षण कानून लागू करने की मांग की।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

**टोंक (एसएनबी)।** बिहार में कांग्रेस और आरजेडी के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता के खिलाफ की गई टिप्पणी से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को घंटाघर सर्किल पर प्रदर्शन कर राहुल गांधी का पुतला फूंका। भाजपा जिला महामंत्री विष्णु शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माताजी के खिलाफ की गई टिप्पणी निंदनीय है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के राहुल गांधी तथा आरजेडी के तेजस्वी को देश से माफी मांगनी चाहिए।उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति की माता के खिलाफ इस तरह की प्रतिपक्षी दल के नेता राहुल गांधी तथा तेजस्वी की मौजूदगी में इस तरह की अभद्र टिप्पणी भारतीय संस्.ति व नैतिकता के खिलाफ है।

भाजपा के जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया ने कांग्रेस तथा आरजेडी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राहुल गांधी तथा तेजस्वी की मौजूदगी में एक व्यक्ति ने मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी की गई यह बर्दाश्त योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि तरह की टिप्पणी के बाद भी राहुल गांधी तथा तेजस्विनी की तरफ से कोई माफी नहीं मांगा जाना यह मिलीभगत को दर्शाता है। बाडोलिया ने कहा कि कांग्रेस एवं आरजेडी इस तरह ओछी हरकतों से चुनाव नहीं जीत सकती। बिहार का मतदाता अच्छी तरह से समझता है कि देश तथा बिहार का हित किस पार्टी के हाथों में है। राज्य विधानसभा के समक्ष कांग्रेस की तरफ से वोट चोरी के टी शर्ट पहन करके प्रदर्शन किया जाना सिर्फ सस्ती लोकप्रियता हासिल किए जाने की कोशिश है।

# संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक जोधपुर में 5 से 7 सितंबर तक

**जयपुर (एसएनबी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत सोमवार को जोधपुर पहुंचे। जहां वे 5 से 7 सितंबर तक अखिल भारतीय समन्वय बैठक में हिस्सा लेंगे। बैठक में हिस्सा लेने के लिए आरएसएस के सरकार्यवाह व अन्य पदाधिकारी भी मंगलवार से जोधपुर पहुंचना शुरू होंगे। डॉ. भागवत 9 सितंबर की सुबह तक लालसागर स्थित आदर्श विद्या मंदिर में प्रवास करेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट में सोमवार सुबह 5 बजे से आगामी आदेश तक ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी लगा दी गई है।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक 5 से 7 सितंबर को जोधपुर के लालसागर क्षेत्र में स्थित आदर्श विद्या मंदिर में होगी। यह बैठक हर साल होती है। पिछले साल सितंबर में यह पालक्काड़ (केरल) में हुई थी। इस बैठक में संघ प्रेरित 32 विविध संगठनों के चयनित पदाधिकारी सहभागी होते हैं।

इस बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित सभी छह सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, सी.आर. मुकुंद (केसी मुकुंद), अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, अतुल लिमये और आलोक कुमार व अन्य प्रमुख पदाधिकारी, भाजपा से राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी उपस्थित रहेंगे।

# भरतपुर में तीन लोगों को मारी गोली, तीनों की हालत गंभीर

**जयपुर (एसएनबी)।** भरतपुर के डीग जिले में बदमाशों ने एक परिवार पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस हमले में तीन लोग गंभीर घायल हो गए। परिवार का आरोप है कि बदमाशों ने करीब आधे घंटे तक लगातार गोलियां बरसाईं। मामला नगर थाने के आरसी गांव का है। घटना सोमवार सुबह करीब 9 बजे की है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों में गाली देने की बात पर विवाद हुआ था। इसके बाद फायरिंग की गई।

**कार में आए बदमाश आधे घंटे तक करते रहे फायरिंग**

पीड़ित परिवार के महेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार शाम को गांव के ही कुंवर, किशोर, वासुदेव और बलदेव शराब पीकर गालियां दे रहे थे। इस पर इन्हें गाली न देने के लिए टोका लेकिन माने नहीं। इसके बाद हमने पुलिस को फोन कर बुलाया। पुलिस के आते ही ये लोग वहां से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि आए दिन ये लोग शराब पीकर गालियां देते हैं।

महेंद्र सिंह ने बताया कि ये लोग पुलिस बुलाने से नाराज थे। सुबह 9 बजे ये सभी कार में सवार होकर आए और फायरिंग करना शुरू कर दिया। हम लोग जैसे-तैसे अपने घरों में घुसे और जान बचाई। इसके बाद भी ये लोग गोलियां चलाते रहे। उन्होंने बताया कि इस फायरिंग में उनके पिता मनोहरी और भाई महेंद्र और हेमराज घायल हो गए। महेंद्र का कहना है कि इस फायरिंग में तीनों के 40 से 50 छर्रे लगे है। पिता और दो भाइयों के हाथ-पैर बुरी तरह से जख्मी हो गए।


**यूनिटेक लिमिटेड** unitech
CIN: L74899DL1971PLC009720
पंजी. कार्यालयः बेसमेंट, 6, कम्युनिटी सेंटर, साकेत, नई दिल्ली – 110017
कॉर्पोरेट कार्यालयः 13वां तल, टॉवर–बी, यूनिटैक सिग्नेचर टावर्स, साउथ सिटी–1, गुरूग्राम– 122007 | टेली.: 0124–4726860
ई–मेल: share.dept@unitechgroup.com | वेब: www.unitechgroup.com

**54वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना**

1 एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कार्पोरेट कार्य मंत्रालय ('एमसीए') द्वारा जारी सामान्य परिपत्र (ों) और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी परिपत्र (ों) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 और इसके अधीन बनाए गए नियमों तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण उत्तरदायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के सभी लागू प्रावधानों के अनुपालन में कंपनी के सदस्यों की 54वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम), वित्तीय वर्ष 2024–25 के संबंध में एजीएम नोटिस दिनांक 25 अगस्त, 2025 में यथा निर्धारित बिजनेस के संचालन के लिए, **बृहस्पतिवार, 25 सितंबर, 2025 को प्रातः 11.00 बजे (भारतीय मानक समय)** वीडियो कान्फ्रेंस (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) के जरिए आयोजित की जायेगी। वीसी/ओएवीएम के जरिए एजीएम में उपस्थित होने वाले सदस्यों के लिए सूचना और अनुदेशों के संबंध में एजीएम नोटिस के नोट्स में उल्लेख किया गया है। अधिनिनियम की धारा 103 के तहत कोरम का पता लगाने के उद्देश्य से वीसी/ओएवीएम के जरिए एजीएम में उपस्थित होने वाले सदस्यों की गणना की जायेगी।

2 एमसीए और सेबी के परिपत्रों के अनुरूप, 54वीं एजीएम का नोटिस और वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए वार्षिक रिपोर्ट, जिनमें वित्तीय विवरण, निदेशक मंडल और लेखा परीक्षकों की रिपोर्टें साथ में संलग्न किये जाने हेतु अपेक्षित अन्य दस्तावेज कंपनी के उन सभी सदस्यों को ई–मेल से भेज दिये गये हैं जिनके ई–मेल पते **22 अगस्त, 2025** को कंपनी अथवा डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास पंजीकृत हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनियमय बोर्ड (सूचीकरण उत्तर दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 36(1)(बी) के अनरूप एक पत्र जिसमें वेब लिंक, क्यूआर कोड और वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने का वास्तविक पथ भी उपलब्ध कराया गया है, उन सदस्यों को भेजा गया है जिनके ई–मेल आईडी कंपनी/डिपाजिटरी के पास पंजीकृत नहीं कराए गए हैं।
उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.unitechgroup.com और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों अर्थात बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमि. की वेबसाइट क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com, पर भी उपलब्ध हैं, और वहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। एजीएम का नोटिस नेशनल सिक्यूरिटी डिपाजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

3 कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 में उल्लिखित प्रावधानों, इसके अधीन बनाए गए संगत नियमों के साथ पठित, और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण उत्तरदायित्व और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 के अनुपालन में, कंपनी अपने सदस्यों को 54वीं एजीएम में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है और बिजनेस को एनएसडीएल द्वारा उपलब्ध कराई गई रिमोट ई–वोटिंग सेवाओं के जरिए संचालित किया जा सकता है। ई–वोटिंग की सुविधा एजीएम में भी उपलब्ध कराई जायेगी। एजीएम में उपस्थित होने वाले सदस्य और जिन्होंने पहले ही रिमोट ई–वोटिंग से अपना वोट नहीं दिया है, एजीएम में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सक्षम होंगे। रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा और एजीएम की तिथि को ई–वोटिंग सिस्टम एनएसडीएल द्वारा www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध कराया जायेगा।

4 रिमोट ई–वोटिंग अथवा एजीएम में ई–वोटिंग से मतदान करने के लिए सदस्यों की पात्रता के निर्धारण हेतु कट–ऑफ तिथि **18 सितंबर, 2025** है। केवल ऐसा व्यक्ति जिसका नाम कट ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर में अथवा डिपाजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है, रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा लेने, वीसी/ओएवीएम के जरिए एजीएम में भाग लेने और/या एजीएम में ई–वोटिंग करने का हकदार होगा।

5 रिमोट ई–वोटिंग अवधि **सोमवार, 22 सितंबर, 2025 को प्रातः 9.00 बजे (भारतीय मानक समय)** आरंभ होगी और **बुधवार, 24 सितंबर, 2025 को सायं 5.00 बजे (भारतीय मानक समय)** समाप्त हो जायेगी। इस तिथि और समय के बाद रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।

6 भौतिक रूप में अथवा डीमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों द्वारा और उन सदस्यों के लिए जिन्होंने कंपनी के साथ अपने ई–मेल पते पंजीकृत/अद्यतन नहीं कराए हैं, रिमोट ई–वोटिंग और एजीएम में ई–वोटिंग करने का तरीका एजीएम के नोटिस में उपलब्ध कराया गया है।

7 ऐसा कोई व्यक्ति, जो एजीएम के नोटिस के प्रेषण के पश्चात कंपनी के शेयर धारण कर लेता है और कंपनी का सदस्य बन जाता है तथा कट ऑफ तिथि अर्थात **18 सितंबर, 2025** को शेयर धारण कर लेता है, वह एजीएम के नोटिस में यथा वर्णित रिमोट ई–वोटिंग/एजीएम में ई–वोटिंग के लिए समान अनुदेशों का पालन कर सकता है। हालांकि यदि सदस्य पहले से रिमोट ई–वोटिंग के लिए एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है, तो वह रिमोट ई–वोटिंग के जरिए अथवा एजीएम में ई–वोटिंग करने के लिए मौजूदा लॉगिन आईडी/यूजर आईडी और पासवर्ड का प्रयोग कर सकता है। लॉगिन आईडी/यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिए विस्तृत प्रक्रिया एजीएम के नोटिस में उपलब्ध कराई गई है।

8 जो सदस्य एजीएम से पहले ही रिमोट ई–वोटिंग से अपना वोट दे चुके हैं, वे भी एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं, परंतु वे एजीएम में दोबारा वोट देने के हकदार नहीं होंगे।

9 सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने नाम, डाक पता, ई–मेल पता, टेलीफोन/मोबाइल नंबर में परिवर्तन, यदि कोई है, स्थाई खाता संख्या ('पैन'), नामांकन, बैंक विवरण, जैसे कि बैंक का नाम और शाखा विवरण, बैंक खाता नंबर, एमआईसीआर कोड, आईएफएससी कोड आदि के संबंध में निम्नानुार सूचित करें।
(क) **भौतिक रूप में धारित शेयरों के लिए:** सेबी मास्टर सर्कुलर सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी–पीओडी/पी/सीआईआर/2025/91 दिनांक 23 जून, 2025 के अनुसरण में कंपनी के आरटीए को, निर्धारित फार्म आईएसआर–1 और अन्य संगत फार्म जो कंपनी की वेबसाइट www.unitechgroup.com पर उपलब्ध हैं।
(ख) **इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित शेयरों के लिए:** अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट को जिनके साथ वे अपने डीमैट खाते का रखरखाव करते हैं।

10 इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से वोटिंग से जुड़ी किसी भी शिकायत अथवा किसी प्रश्न के मामले में आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए बारंबार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यूज) और शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग यूजर मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं अथवा **022–48867000** पर कॉल करें अथवा सुश्री पल्लवी महात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक को अपना अनुरोध evoting@nsdl.com पर भेजें।

कृते **मैसर्स यूनिटेक लिमिटेड**
हस्ता/-
**अनुराधा मिश्रा**
कंपनी सचिव

स्थानः गुरूग्राम
दिनांकः 01.09.2025